12.04 hrs.

Title: Regarding Government Business during the week commencing 5th May, 2003 and submissions made by the members.

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्रीमती सुमा स्वराज) : महोदय, आपकी अनुमति से मैं यह सूचित करती हूं कि सोम वार, 5 मई, 2003 से प्रारम्भ होने वाले सप्ताह के दौरान इस सदन में निम्नलिखित सरकारी कार्य लिया जाएगा :-

1. आज की कार्यसूची से बकाया सरकारी कार्य की किसी मद पर विचार।
2. निम्नलिखित विधेयकों पर विचार और पारित करना :-

(I) दिल्ली उच्च न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2003

(II) निर्वाचन और अन्य संबंधित विधि(संशोधन) विधेयक, 2003

(III) राज्य सभा द्वारा पारित किए गए रूप में लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन)

विधेयक, 2003

(IV) संविधान(95वां संशोधन) विधेयक, 2003

I. संविधान (96वां संशोधन) विधेयक, 2003
II. वित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन विधेयक, 2000

3. राज्स सभा द्वारा पारित किए जाने के पश्चात विदेशी (संशोधन) विधेयक, 1998 पर विचार और पारित करना।

4. विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति, 2003 पर चर्चा।

5. मैं सदन को यह भी सूचित करना चाहती हूं कि संविधान (95वां संशोधन) विधेयक, 2003 और संविधान(96वां संशोधन) विधेयक, 2003 को मंगलवार, 6 मई, 2003 को विचार और पारित करने हेतु लिया जाएगा।

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : अध्यक्ष महोदय, जिला नासिक (महाराट्र) तहसील दिंडोरी, कलवण, सटाणा, निफाड़ में बीएसएनएल मोबाइल सेवा तुरन्त उपलब्ध की जाए।

नासिक जिला जो पहाड़ी और ग्रामीण एरिया है, वहीं की कई जगहों पर टेलीफोन की सुविधा नहीं है। वहां टेलीफोन सुविधा जल्दी से जल्दी शुरु की जाए।

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले के अन्तर्गत नवागांव (सल्का) रेलवे स्टेशन पर 33 एवं 34, 36 लोकल ट्रेन को बिलासपुर-दिल्ली को आने-जाने वाली गाड़ियों का स्टॉपेज किया जाए जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके।

बिलासपुर गुरुघासी विश्वविद्यालय, जहां पर मेडिकल कालेज चलाया जा रहा है तथा इंजीनियरिंग कम्प्यूटर विाय, बायो-टैक्नॉलोजी, बीएड, पीएड की पढ़ाई की जाती है, अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र नए छत्तीसगढ़ राज्य में उक्त विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्वीकृति प्रदान की जाए।

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : अध्यक्ष महोदय, उत्तरी बिहार में प्रति वर्ा नेपाल से आयातित बाढ़ के कारण जान-माल की क्षति होती है। सीतामढ़ी जिले में बागमती एवं अधबरा समूह की नदियों पर तटबंध नहीं हैं जिस के कारण बाढ़ के पानी से किसानों की फसल, सड़क, पुल एवं पुलिया प्रति वर्ा बर्बाद होते हैं। केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा किसानों को फसल का कोई मुआवजा नहीं दिया जाता है। नेपाल सरकार द्वारा बाढ़ नियंत्रण एवं डैम बनाने तथा बाढ़ से उत्पन्न सभी समस्याओं के स्थायी निदान हेतु चर्चा।

उत्तर बिहार के सीमावर्ती जिला सीतामढ़ी में टेलीफोन एक्सचेंज की दयनीय स्थिति के कारण स्थानीय तथा एसटीडी सेवा हमेशा बाधित रहती है जिस के कारण उपभोक्ताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सीतामढ़ी टेलीफोन एक्सचेंज को एसएसए का दर्जा देने हेतु विशे चर्चा।

श्री बालकृण चौहान (घोसी) : अध्यक्ष महोदय, बढ़ते आटोमेशन के कारण कार्य स्थलों पर कामगारों के कार्य भार में वृद्धि के कारण उनके कार्य के घंटों में कमी करने का विधान लाकर सदन में चर्चा करायी जाए।

देश में बढ़ती बेरोजगारी, गरीबी के कारण होने वाली आत्महत्याओं को रोकने हेतु वास्तविक रूप से गरीबी, बेरोजगारी उन्मूलन हेतु " अमीरी हटाओ" की अवधारणा को लागू करने हेतु सदन में बहस करके समुचित विधान लाने के विाय को लिया जाए।

SHRI RAMESH CHENNITHALA (MAVELIKARA): Sir, the following items may be included in the next week's agenda:-

1. The problems faced by the coconut cultivators in the country due to the reduction of import duty on palm oil.
2. Various difficulties being faced by the common people due to the loopholes in the Public Distribution System in

the country.